
# मेडिकल कॉलेज में आज से नियमित पढ़ाई शुरू

## सिंगरौली मेडिकल कॉलेज में आज से रेगुलर क्लासेस शुरू, विधायक रामनिवास शाह ने किया शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 नवम्बर। जिले के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आज दिन मंगलवार को एक नई शुरुआत हुई। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए अब इंतजार खत्म हो गया है, क्योंकि आज से कॉलेज में रेगुलर क्लासेस शुरू हो गई हैं। अभी तक छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से ही पढ़ाई करनी पड़ रही थी, लेकिन कॉलेज भवन के तैयार होने और आवश्यक व्यवस्थाओं के पूरा हो जाने के बाद अब ऑफलाइन शिक्षण प्रारंभ कर दिया गया है।**

नियमित कक्षाएं शुरू करवाने के लिए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज के डीन राजधर दत्ता ने किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के एचओडी एवं चिकित्सक भी मौजूद रहे। मेडिकल कॉलेज का नियमित कक्षाएं आरंभ होने के पूर्व विधायक ने विधिवत पूजापाठ कर शुरू किये।

इसके बाद उन्होंने कहा कि सिंगरौली मेडिकल कॉलेज जिले की एक बड़ी जरूरत थी। आज से यहां नियमित पढ़ाई शुरू होना जिले के लिए ऐतिहासिक दिन है। कॉलेज में प्रत्येक सेमेस्टर के लिए सभी विशेषज्ञ प्राध्यापक उपलब्ध हैं। क्लास रूम पूरी तरह अच्छी तरह से तैयार कर दिया गया है, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। गौरतलब है कि सिंगरौली शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय 100 एमबीबीएस सीटों वाला संस्थान है। सभी 100 सीटों पर इस वर्ष एडमिशन भी हो चुके हैं। यह कॉलेज इस वर्ष पहली बार शुरू हुआ है, जिससे जिले को चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई दिशा मिलने जा रही है। फिलहाल कॉलेज से जुड़े जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर की क्षमता 200 से बढ़ा कर 400 बेड की मंजूरी राज्य सरकार के द्वारा हाल ही की दिनों में दी गई थी। 400 बेड पूर्ण होने के बाद सिंगरौली और आसपास के जिलों के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। साथ ही छात्रों को प्रेक्टिकल और क्लीनिकल ट्रेनिंग की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। रेगुलर क्लासेस के शुरू होने से छात्रों में उत्साह है और जिले में पहली बार मेडिकल शिक्षा का वास्तविक संचालन शुरू हुआ है, जो सिंगरौली के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### 50 सीट और बढ़ाने के लिए पत्राचार

मेडिकल कॉलेज इसी सत्र में आरंभ हुआ है। जहां अभी तक एमबीबीएस पढ़ाई के लिए 100 सीट स्वीकृत है। विधायक रामनिवास शाह ने कहा है कि मेडिकल कॉलेज एमबीबीएस की सीट 100 से बढ़ाकर 150 किये जाने की चर्चाएं की जा रही है और मेडिकाल कॉलेज में सीट बढ़ाये जाने के लिए डीन के द्वारा पत्राचार किया गया है। वहीं उक्त मेडिकल कॉलेज के डीन राजधर दत्ता ने इस बात की पुष्टि करते हुये कहा है कि यहां एमबीबीएस की सीट बढ़ाने के लिए पत्राचार किया गया है। इसका निर्णय उच्च स्तर से ही लिया जाएगा।

### इनका कहना :-

आज सिंगरौली विधायक के मुख्य आतिथ्य में ऑफ लाइन नियमित कक्षाएं विधिवत आरंभ कर दी गई है। क्लासरूम अच्छी तरह से तैयार किये गये हैं। पहले कुछ दिनों तक ऑनलाइन कक्षाएं चल रही थी। यहां 100 एमबीबीएस चिकित्सकों के पढ़ाई के लिए सीट निर्धारित है।

**राजधर दत्ता**
डीन, मेडिक कॉलेज
बैढ़न, सिंगरौली



# ओव्हर लोड आठ राखड़ वाहन जब्त परसौना-बरगवां मार्ग में कार्रवाई

## कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 नवम्बर। ओव्हर लोड 8 वाहनों को जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर एवं उनकी टीम ने परसौना-बरगवां एवं विंध्यनगर मार्ग में जांच कर दौरान जप्त कर कार्रवाई की है।**

कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर एवं चेक प्वाइंट टीम ने संयुक्त रूप से आज विंध्यनगर के साथ-साथ परसौना-बरगवां मार्ग में वाहनों का विशेष चेकिंग शुरू किया। इस दौरान ट्रेलर हाईवा वाहन क्रमांक यूपी 64 सीटी 3359 समेत अन्य 7 हाईवा वाहन ओव्हर लोड राखड़ का परिवहन करते पाये गये। जिनपर कार्रवाई की है। इस दौरान लिपिक व्योमकांत तिवारी समेत अन्य स्टाफ मौजूद था। आरटीओ ने कड़े शब्दों में कहा है कि परिवहन विभाग के नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जावेगी।

## एक नजर में

### अहिरवार समाज आज आयुक्त को सौंपेगा ज्ञापन



**सिंगरौली।** ढेकी चाणक्य वार्ड जिला का एक ऐसा गांव है, जिस गांव में प्राथमिक विद्यालय भी नहीं है। एक दूसरे गांव से रोड मिला भी नहीं है। बरसात के मौसम में 5 किलोमीटर घूम के जाना पड़ता है। बीमार व्यक्तियों की जान भी चली जाती है, इसके लिए शिवराज सिंह पूर्व मुख्यमंत्री को भी अपनी ज्ञापन सैकड़ो बार दिये हैं, वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी ज्ञापन दिया गया है, लेकिन आज तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है।

### घर में घुसकर लूटपाट करने की शिकायत

**सिंगरौली।** सासन पुलिस चौकी क्षेत्र के समीपी सिद्धीकला निवासी एक महिला कृष्णकुमारी बैस ने एसपी के यहां आवेदन देते हुये बताया कि 22 नवम्बर की आधी रात करीब 3 बजे घर में अकेली थी। तभी अचानक एक बोलेरो से पॉच लोग आये, जिसमें दो लोग पुलिस के ड्रेस में थे। घर में घुस कर तलासी लेने लगे और कहा कि तुम लोग शराब बनाकर बेचते हो। मना करने के बावजूद पेटी, आलमारी सब खोलकर चेक करने लगे। इस दौरान सोने के दो लॉकेट, चॉदी के सेट पायल, 6 हजार रूपये निकाल ले गये। विरोध करने पर चौकी प्रभारी के रूप में अपना नाम विरेन्द्र सिंह बताने लगे। जबकि इस नाम से चौकी में इंचार्ज नही हैं। घटना की जानकारी अपने पति एवं देवर को बताई। उसने बताया कि उस वक्त घर में मैं अकेली थी।

### यातायात का विशेष अभियान कल से

**सिंगरौली।** यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध 26 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले दो बीएलओ निलंबित

## कलेक्टर ने किया कार्रवाई, प्रशिक्षण में थे गैरहाजिर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 नवम्बर। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के सत्यापन कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर गौरव बैनल ने दो बीएलओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।**



कलेक्टर द्वारा निलंबित बीएलओ मे विधानसभा क्षेत्र 80 सिंगरौली के मतदान केंद्र क्रमांक 59 गर्दा के बीएलओ प्राथमिक शिक्षक उर्मिला कोल तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 249 परसदेही के बीएलओ परसुराम शाह को बीएलओ प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर निलंबित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त दोनों बीएलओ को पहले नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। जिसपर निलंबन की कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में बीएलओ का निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय विस देवसर नियत किया गया है।

### कलेक्टर ने की 355 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई

शासन के मंशानुसार हर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा 355 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई कर आवेदनकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कलेक्टर जन सुनवाई में आने वाले आवेदनकर्ता की समस्या सुनने के पश्चात उपस्थित संबंधित अधिकारियों से उनके समस्याओं का जनसुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई में नही हो सका संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदन पत्रो का निर्धारित समय सीमा में निराकरण कर आवेदनकर्ता को अवगत करायें। जन सुनवाई में आए रामदास राय एवं रामकरण दाहिया, शंकर सोनी तथा प्रमोद अग्रहरि निवासी वार्ड क्रामंक 9 ने अपना आवेदन देते हुयें कलेक्टर को अवगत कराया कि एनसीएल द्वारा दोहरी नीति अपनाये जाने पर प्रस्तुत की शिकायत में बताया कि पट्टाधारी और सरकारी भूमि पर निवासरत परिवारो से एक समान कार्यवाही नही किया जा रहा है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, डीईओ एसबी सिंह, डीपीओ आईसीडीएस जीतेन्द्र गुप्ता अन्य मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा का पूरा परिसर गुरवाणी के मधुर स्वर से गूंज उठा

## श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस पर सिंगरौली में हुआ समागम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 नवम्बर। हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, सिंगरौली में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातःकाल से ही भारी संख्या में संगत गुरुद्वारा पहुंची और पूरा परिसर गुरबाणी के मधुर स्वर से गूंज उठा।**



वाराणसी से आये प्रसिद्ध रागी ज्ञानी भाई नरेंद्र सिंह ने जय जय कर करे सब कोई तथा सीस दिया पर सिरार न दिया, जैसे शब्दों का भावपूर्ण कीर्तन कर संगत को निहाल किया। उनके कीर्तन ने गुरु साहिब के अमिट त्याग, साहस और मानवता के कल्याण के लिए दिए गए बलिदान को हृदयस्पर्शी ढंग से स्मरण कराया। गुरु तेग बहादुर साहिब जी, सिखों के नवें गुरु थे, जिनका जन्म 1 अप्रैल 1621 को गुरु हरगोबिंद साहिब जी के घर हुआ। अत्यंत कम आयु में ही आपने मेहराबो की लड़ाई में असाधारण शौर्य दिखाया, जिसके बाद आपको तेग बहादुर की उपाधि मिली। आपके उपदेशों का केंद्र निडरता, त्याग, सत्य, मन की शांति और मानवता था। उन्होंने देश-भर में गुरमत प्रचार करते हुए गरीबों, पीड़ितों और असहायों की सेवा की। 1675 में कश्मीरी पंडितों और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए दिल्ली के चांदनी चौक में आपने अपना शीश बलिदान कर दिया, जो विश्व इतिहास में अद्वितीय है। गुरु साहिब ने कहा था धर्म की रक्षा के लिए यदि शीश देना पड़े तो यह सबसे बड़ा सौभाग्य है। समागम के दौरान तेजिंदर सिंह ने गुरु तेग बहादुर साहिब जी की जीवनी, उनके त्याग, तप और सिद्धांतों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु साहिब का बलिदान सम्पूर्ण विश्व के लिए निडरता, धर्म की रक्षा और मानवता के सच्चे स्वरूप का प्रेरणास्त्रोत है। समिति के संरक्षक हरचरण सिंह भाटिया, प्रधान तरसेम सिंह तथा खजांची तेजिंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में समूह संगत गुरुद्वारा में मौजूद रही।

# विन्ध्याचल ने शुरू किया व्यापक श्रम संहिता जनजागरुकता अभियान

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 25 नवम्बर। भारत सरकार द्वारा 21 नवंबर से चार एकीकृत श्रम संहिताओं के देशव्यापी लागू होने के महत्वपूर्ण निर्णय के साथ एनटीपीसी विन्ध्याचल ने अपने श्रमिकों एवं संविदा कर्मियों के लिए व्यापक श्रम संहिता जागरूकता अभियान की शुरुआत की है।**




यह कदम 29 अलग-अलग श्रम कानूनों को सरल बनाकर एक सशक्त ढांचे में बदलने वाले ऐतिहासिक सुधारों के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अभियान के दौरान राकेश अरोड़ा प्रमुख मानव संसाधन विन्ध्याचल ने यूनियनों और एसोसिएशनों के नेताओं एवं प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि श्रमिकों को नई श्रम संहिताओं की विस्तृत जानकारी देना समय की आवश्यकता है और उन्होंने प्रतिभागियों से अपने-अपने क्षेत्रों में इस जानकारी को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। श्रम संहिताओं की प्रतियां भी प्रतिभागियों को वितरित की गईं। कार्यकर्ताओं को वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, अन्य संहिता के प्रमुख प्रावधानों से अवगत कराया गया।

# मुहेर विस्थापितों का बेमियादी धरना 28 से

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 नवम्बर। एनसीएल गोरबी क्षेत्र के विस्थापितों ने एक बार फिर एनसीएल ब्लॉक-बी प्रबंधन पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।**

ग्राम मुहेर के प्रभावित परिवारों का कहना है कि 2021 में नोटिस जारी कर उनके मकानों को तोड़ दिया गया, जंगल उजाड़ दिया गया, लेकिन आज तक सभी को न तो प्लॉट मिला और न ही प्लॉट का पैसा। कई परिवार बिना घर, बिना जमीन के पिछले दो-तीन वर्षों से भटक रहे हैं। परेशान होकर अब 28 नवंबर से अनिश्चितकालीन धरना के लिए कलेक्टर गौरव बैनल को पत्र लिखा है। विस्थापितों का आरोप है कि 149 लोगों की ड्राइवर लिस्ट में केवल 10-15 नाम मुहेर गांव के रखना कंपनी की नियत पर ही प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। कलेक्टर द्वारा पहले विस्थापितों और फिर प्रभावितों को नौकरी देने के स्पष्ट निर्देश के बावजूद कंपनी ने जिस तरह बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी और उनके पते तक का उल्लेख नहीं किया, वह पारदर्शिता की पूरी प्रक्रिया को संदेह के दायरे में लाता है। विस्थापितों ने प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि 149 लोगों की ड्राइवर लिस्ट में केवल 10-15 नाम मुहेर गांव के रखना कंपनी की नियत पर ही प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

# गेनवेल ट्रकिंग ने बैढ़न में नए डीलरशिप का किया शुरूआत

## बलियरी-बैढ़न में शुभ मुहूर्त में पूजापाठ के साथ कंपनी के सीईओ एवं सेल्स व यूनिट हेड ने काटा फीता

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 नवम्बर। आज दिन मंगलवार की शुभ मुहूर्त में बलियरी-बैढ़न में मशहूर कंपनी गेनवेल ट्रकिंग प्राइवेट लिमिटेड ने अपने नए डीलरशिप की शुरुआत करते हुए भारत बेंज के हैवी कमर्शियल व्हीकल और माइनिंग ट्रक्स के ग्राहकों को बड़ी सुविधा दी है।**



विंध्य क्षेत्र का ये पहला बड़ा सार्थक पहल है, जिसके माध्यम से कंपनी अपने ग्राहकों को सिंगरौली, सीधी सहित समूचे विंध्य क्षेत्र में सेवा प्रदान करेगी। गेनवेल के सीईओ दीपक जॉली, अभिषेक सिंह सेल्स हेड और यहाँ के यूनिट हेड प्रदीप त्रिपाठी ने भारत बेंज से आये हुए अधिकारियों गौरव बाशी आल इण्डिया हेड भारत बेंज, अरुण कुमार मार्केटिंग हेड को आश्वस्त किया की आने वाले समय में सुविधाओं को और बेहतर करते हुए निरंतर सुधार के कदम बढ़ाये जायेंगे। ग्राहकों के सम्बोधन के दौरान गेनवेल और भारत बेंज के अधिकारियों ने उन्हें स्पेयर पार्ट्स, सर्विस, सेल्स सम्बंधित जानकारी दी। इस दौरान विश्वजीत ब्रांडिंग एवं फैसिलिटी हेड, उपेंद्र दुबे सर्विस मैनेजर, पदम सर्विस मैनेजर, गौरव शर्मा और उनकी ब्रांडिंग एवं आईटी टीम को बेहतर कार्यों के लिए सराहा गया।

# सड़क निर्माण का कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं : रानी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 नवम्बर। नगर पालिक निगम सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल के द्वारा आज दिन मंगलवार को वार्ड क्रमांक 38 तुलसी ढोटी 2.0 कायाकल्प 2.0 के तहत निर्माणाधीन पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।**



इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराया जायें। सड़क निर्माण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही होगी। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-समय पर सड़क निर्माण गुणवत्ता की जांच करे। महापौर ने उपस्थित संविदाकार से कहा कि भविष्य में भी जो निर्माण कार्य उसके द्वारा कराए जाएं, वो भी निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता को ध्यान में रखकर कराए जाएं। इस अवसर पर वॉर्ड पार्षद अनिल कुमार बैस एवं संविदाकार अनूप सिंह, दिवाकर बैस, अरविंद कुमार बैस, प्रियांशु सिंह मौजूद रहे ।



# सड़क निर्माण को लेकर कलेक्टर से शिकायत

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 25 नवम्बर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम बकिया निवासी ओमप्रकाश चतुर्वेदी ने बरगवां से नैकहवा सड़क निर्माण का गुणत्ताविहीन कार्य कराये जाने को लेकर आज कलेक्टर से जनसुनवाई में लिखित शिकायत किया है। कलेक्टर से शिकायत करते हुये बताया कि विकासखण्ड चितरंगी के नैकहवा से बरगवां तक लोनिवि द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसकी गुणवत्ता बेहद खराब है। आरोप लगाया कि सिन्हा इन्फ्राटंक प्रा.लि. को लोनिवि के अधिकारियों का संरक्षण है। करीब आधा सैकड़ा स्थानों पर सड़क टूट गई है।

# छात्र व छात्राएं अपने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे : रवि

## 226 छात्रों को मिल रही नि :शुल्क कोचिंग, आईआईटी, जेईई व नीट की कर रहे तैयारी, कलेक्टर ने नि :शुल्क कोचिंग के लिए जताई थी इच्छा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 25 नवम्बर। जिले के शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत 226 छात्र-छात्राओं के लिए कलेक्टर ने आईआईटी, जेईई व नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं को क्वालीफाई करने के लिए अतिरिक्त नि:शुल्क कोचिंग दिलाए जाने का कार्य आज दिन मंगलवार से शुरू हो गया है।**

डीएसबी के डीएसपी प्रदीप मिश्रा 2011 के केबीसी विजेता ने दिया। वहीं यह आयोजन विवेकानन्द लाईब्रेरी बैढ़न के समन्वयक रवि जायसवाल के द्वारा किया गया था। विवेकानन्द लाईब्रेरी के द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के आज पहले दिन 182 छात्र-छात्राओं नि:शुल्क कोचिंग का लाभ उठाया। इस बारे में रवि जायसवाल ने बताया कि यह कोचिंग क्लास शासकीय एक्सीलेंस स्कूल व कन्या स्कूल बैढ़न में सुबह 8 से 11 बजे तक प्रतिदिन चलाई जाएगी। जिससे छात्र व छात्राएं अपने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।



कलेक्टर गौरव बैनल ने हाल ही में कुछ आवासीय छात्रावास एवं स्कूलों का निरीक्षण किया था, जहां छात्रों ने कलेक्टर से इस बात की मांग रखी थी कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं को क्लियर करने के लिए अतिरिक्त रूप से कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाए ।

### हमारे के लिए सुखद अनुभव



कक्षा 11वीं की छात्र माधवी जायसवाल ने आज प्रथम दिवस कोचिंग क्लास ज्वाइन करने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि यह हमारे लिए सुखद अनुभव है। इसके अलावा हम सिंगरौली कलेक्टर का धन्यवाद भी करना चाहेंगे कि उन्होंने हमारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि :शुल्क कोचिंग की व्यवस्था की है।

### हमें इसकी जरूरत भी थी



कक्षा 11वीं की छात्रा रीमा जायसवाल ने भी बताया कि हम नीट की तैयारी कर रहे हैं, आगामी दिनों में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए यह नि :शुल्क कोचिंग क्लास काफी उपयोगी साबित होगी । हमें इसकी जरूरत भी थी। हम सिंगरौली कलेक्टर का यह सुविधा प्रदान कराए जाने के लिए तहे दिल से धन्यवाद करते हैं। आज कोचिंग क्लास में शिक्षकों ने बेहतर ढंग से पढ़ाया है।